# ऑस्ट्रेलिया में 95% भारतीय उत्पादों पर शुल्क नहीं लगेगा

**दोस्ती 3**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को बड़े आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत ऑस्ट्रेलिया कपड़ा, चमड़ा, आभूषण व खेल उत्पादों समेत 95% से अधिक भारतीय वस्तुओं के लिए बाजार मुहैया कराएगा। इस पर आयात शुल्क भी नहीं वसूलेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, पर्यटन एवं निवेश मंत्री डैन टेहन ने ऑनलाइन समारोह में करार पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष स्कॉट मॉरिसन भी मौजूद थे।

## पांच से सात साल में दस लाख नौकरियां मिलेंगी

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे अगले पांच से सात वर्षों में करीब 10 लाख रोजगार पैदा होने का भी अनुमान है। इनमें सर्वाधिक लाभ श्रम-प्रधान क्षेत्रों को मिलेगा।

› सहयोग और बढ़ेगा P 21